# तरंग

## बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल का मासिक ई-न्यूज़लेटर

### माह अक्टूबर 2024

## सुविचार

**“ज्ञान एक ऐसा दीपक है जो**
**आपके जीवन में प्रकाश फैलाता है।”**

# महाविद्यालयीन गतिविधियां

## शिक्षक सम्मान समारोह

5.9.2024 महाविद्यालय में आईक्यूएसी सभागार में जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार जी, प्राचार्य डॉ. संजय जैन द्वारा महाविद्यालय के वर्तमान और निवर्तमान प्राध्यापकों का शॉल, तुलसी का पौधा, श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार जी एवं प्राचार्य जी ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार जी ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, आज का दिन डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जन्मदिन के अवसर पर भारत वर्ष में शिक्षक दिवस के रूप में जन्मदिन बनाया जाता है। डॉ. राधाकृष्णन गरीब परिवार में जन्में पढ़ाई लिखाई कर शिक्षक बने शिक्षक बनने के बाद वह देश के राष्ट्रपति बने जिन्होंने शिक्षक पद की गरिमा को बढ़ाया। जनभागीदारी समिति का सौभाग्य है कि आज हम इन गुरुओं का सम्मान करने का हमे सौभाग्य मिला। कार्यक्रम में अनेक विद्यार्थी, कर्मचारी सहयोगी भी उपस्थित रहे।








# Mock Peer Team visit

10.09.2024 महाविद्यालय का निरीक्षण करने हेतु नैक टीम अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में आ रही है। उसमें पूर्व मॉक टीम ने महाविद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज की। सभी विभागों/समितियों का निरीक्षण कर उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंदलिया। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार भेजी गयी। टीम के सदस्यों ने सकारात्मक सुझाव दिए। डॉ. अर्पण भारदवाज, डॉ. आर.के.शर्मा, डॉ. स्वागता गुप्ता, डॉ. मीनाक्षी चौबे ने एन.सी.सी, एन.एस.एस, लाइब्रेरी, कार्यालय के साथ ही सभी विभागों का विजिट किया। उन्होंने अक्टूबर में आ रही टीम के समक्ष सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु सुझाव दिए।






# स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ

14.9.2024 मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशों के परिपालन में महाविद्यालय मे *स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ* किया गया इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम करने में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ समता जैन और डॉ गीता चौहान के नेतृत्व व डॉ अंजना अग्रवाल (प्रशासनिक अधिकारी) डॉ अर्चना जैन (गणित विभाग अध्यक्ष) एवं अन्य प्राध्यापको की उपस्थिति में *स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन* का शुभारंभ हुआ जो की 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संचालित होगा, जिसे गतिविधि कैलेंडर के अनुरूप प्रतिदिन संचालित किया जाएगा साथ ही हिंदी दिवस के आयोजन में उपस्थित विद्यार्थियों को स्वच्छता पखवाड़ा की गतिविधियों में सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया गया।








# "स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता" अभियान


19.9.2024 "स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता" अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना दलनायक आयुष सक्सेना द्वारा क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ मथुरा प्रसाद, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ अमर श्रीवास्तव एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा संचालनालय डॉ मनोज सिंह के आतिथ्य में सभी स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं सभी छात्रों को कम से कम एक सप्ताह में दो घंटे श्रमदान करने और अपने घर, मोहल्ले, गांव एवं शहर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संजय जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आगमन पर आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ समता जैन (बालक इकाई) डॉ गीता चौहान (बालिका ईकाई) के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साह से सहभागिता की। महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापको ने और छात्र छात्राओं ने भी स्वच्छता का संकल्प लिया। साथ ही स्वयं सेवकों द्वारा "Join NSS Campaign" के अंतर्गत नवीन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकृत करवाने के लिए नुक्कड़ नाटक किया गया। जिससे प्रेरित होकर 23 नवीन विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना में अपना पंजीयन करवाया।







## Mock Peer Team
## II visit
## 23rd September 2024







## Mock Peer Team
## II visit
## EXIT Meeting

# पूर्व छात्रों ने की दीवार घड़ी भेट



26.9.2024 पूर्व छात्र एवं जनभागीदारी सदस्य श्री तेजसिंह ठाकुर एवं श्री करतार सिंह नागर व सुश्री मंजू यादव ने महाविद्यालय को घड़ी प्रदान की, इस पर महाविद्यालय परिवार ने सभी पूर्व छात्र छात्राओं का आभार मानते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## World Tourism Day

27.9.2024 World Tourism Day 2024 के अवसर पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की थीम Tourism and Peace रही। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के Quality Education के बैनर तले आयोजित की गई।






# स्वच्छता का कार्यक्रम

27.9.2024 स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के दो दलों ने सारंगपाणी झील जाकर स्वच्छता का कार्यक्रम किया और आसपास के लोगों को भी जागरूक किया कि तालाब में गंदगी ना करें कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता जैन डॉ. गीता चौहान महिला इकाई, डॉ. अर्चना शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह उपस्थित रहे।










# राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण

28.9.2024 स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया एवं नवीन स्वयंसेवकों द्वारा अपने घर, महाविद्यालय, शहर एवं देश को स्वच्छ बनाने की शपथ ली गई। साथ ही साथ सोशल मीडिया के माध्यम से लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रील भी बनाई। जिसमें पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी - डॉ समता जैन, महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी - डॉ गीता चौहान, सहायक कार्यक्रम अधिकारी- डॉ अविनाश मिश्रा, सौरभ सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक आयुष सक्सेना, मुस्कान हरसन एवं स्वच्छता एंबेसडर ऋषिकेश उज्जवल उपस्थित रहे।






# जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता

29.9.2024 जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में महाविद्यालय की सहभागिता










**सौजन्य ई-न्यूज़लेटर समिति :** - **डॉ सुषमा जादौन** (संयोजक) - **डॉ कीर्ति श्रीवास्तव** - **डॉ इलारानी श्रीवास्तव** - **डॉ मीता बादल** - **सुश्री आरती कैथल** (कम्प्यूटर वर्क)